संख्या-15/16/84-1-2013-16/14

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग
उ0 प्र0 लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 8 जनवरी,2014

विषय- मा0 सांसदों एवं विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा जनपद एवं शासन स्तर पर भेजे गए पत्रों पर कार्यवाही से अवगत कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक खाद्य तथा रसद (डे0ई) के पत्र सं0-10/29-डे0ई0/2014 दिनांक 06 जनवरी,2014 एवं संसदीय कार्य अनुभाग-1 उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-918/90-सं0-1-2012-70 सं0/1984 दिनांक 30.10.2013 मय संलग्नक की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 सांसदों एवं विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर,2012 से दिनांक 31 अक्टूबर,2013 तक भेजे गये पत्रों पर की गई कार्यवाही से उ0प्र0 विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति को अवगत कराये जाने के संबंध में कृपया (संलग्न प्रारूप) पर (दिनांक 01.10.2012 से दिनांक 31.10.2013) की सूचना शासन को दो दिन में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in